दस्तक टाइम्स

लखनऊ के जैत्र सिंह ने सिडनी में मैथमैटिक अवार्ड जीतकर किया गौरवान्वित

DN VERMA January 24, 2024 88 1 minute read

लखनऊ : शहर के लिए अत्यन्त गर्व और प्रसन्नता की बात है कि राजधानी के गोमती नगर निवासी सौरभ व दीपिका सिंह के पुत्र जैत्र सिंह ने सिडनी में मैथमैटिक अचीवमेंट अवार्ड2023 जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। जैत्र सिंह ने केजी शिक्षा में परमाटा पश्चिम, सिडनी के स्कूल में मैथ्स में अपनी प्रतिभा से एक अद्वितीय स्थान बनाया है। इस उपलब्धि हेतु कालेज के प्रिंन्सिपल ने मेडल व प्रमाणपत्र के साथ ही जैत्र के माता-पिता को बुलाकर उनके सम्मान में दावत भी दी। जैत्र सिह के पापा-मम्मी सौरभ व दीपिका सिंह एमबीए करके 2010 में व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण करने सिडनी गये थे और वर्तमान में वहीं पर जॉब करते हैं।

उल्लेखनीय है कि जैत्र सिह, लखनऊ के वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक तथा स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेस (एसएमएस) के महानिदेशक डॉ.भरत राज सिंह के प्रपौत्र हैं, जिनके संस्कार और शुभकामनाओं का ही प्रतिफल इस बच्चे में भी दिखता है। इसके पहले भी 2016 में अमेरिका में डॉ.भरत राज सिंह की नातिन जैनी सिंह को 6ठी कक्षा में टॉप करने पर तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अमेरिका के बेस्ट स्कॉलर अवार्ड से सम्मानित किया था।

---

https://dastaktimes.org/lucknows-jaitra-singh-made-proud-by-winning-mathematical-award-in-sydney/